# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 25.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*****************

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से आदिवासी छात्र संघ, केन्द्रीय समिति रांची का एक शिष्टमंडल राजभवन में मिला। शिष्टमंडल ने गुमला में निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का नाम पंखराज बाबा कार्तिक उराँव विश्वविद्यालय रखने का आग्रह करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही राज्य के महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति और छात्र संघ चुनाव कराने की मांग भी रखी गई। राज्यपाल ने शिष्टमंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

*****************

पहलगाम आतंकी हमले के समर्थन में बोकारो से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी ने झामुमो और कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने मंत्री हफीजुल हसन के वायरल बयान को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उनके बर्खास्तगी की मांग की।

*****************

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में हजारीबाग शहर में व्यापारियों ने खुद ही अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और घटना की कड़ी निंदा की। झंडा चौक पर बड़ी संख्या में दुकानदारों और नागरिकों ने जुटकर पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए। शहर बंद का व्यापक असर देखने को मिला और सभी समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों ने कहा कि अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

*****************

पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में सिमडेगा जिले के कोलेबिरा और बानो प्रखंड में आज बंद रखा गया। स्थानीय लोगों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद कर आतंकवाद के खिलाफ विरोध जताया। लचरागढ़ में जुलूस निकालकर लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी और हमले की कड़ी निंदा की।

*****************

आज विश्व मलेरिया दिवस है। मलेरिया के बारे में जागरूकता बढाने और इस रोग पर नियंत्रण, रोकथाम तथा इसे पूर्णरूप से समाप्त करने संबंधी उपायों को बढावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित वैश्विक पहल है।

*****************

रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का कार्य शुरू हो गया है, जिसे लेकर टोली चौक के पास भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया है। मौके पर सिटी एसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर सहित कई डीएसपी और थानेदार मौजूद हैं।

*****************

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में कोनार डैम के पास जंगल से एक अज्ञात पुरुष और महिला का शव बरामद हुआ है। विष्णुगढ़ थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

*****************

राज्य में अगले कुछ दिनों तक गर्म और उमस भरे मौसम के साथ मौसम का मिजाज गर्म बना रहेगा। आज और कल पूरे राज्य में गर्मी और उमस वाले दिन की स्थिति रहेगी, जबकि 27 से 29 अप्रैल के बीच आंधी और

बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान कुछ जिलों में 40–50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

******************

फिट इंडिया अभियान के तहत 27 अप्रैल को सुबह सात बजे पूरे देश में संडे ऑन साइकिल पहल का आयोजन किया जायेगा। रांची में भारतीय खेल प्राधिकरण–साई की ओर से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से इसकी शुरुआत होगी। साई ने इस कार्यक्रम में सभी लोगों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

******************